बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

"आवश्यक सूचना"

दिनांक 13.12.2024 (शुक्रवार) को बापू परीक्षा परिसर, पटना में आयोजित एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रा०) प्रतियोगिता परीक्षा की रद्द परीक्षा की पुनर्परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 19.12.2024 को आयोग की पूर्ण–पीठ की बैठक आयोजित की गयी। अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुये आयोग द्वारा शीघ्रातिशीघ्र पुनर्परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में बापू परीक्षा परिसर की रद्द परीक्षा की पुनर्परीक्षा हेतु दिनांक 04.01.2025 (शनिवार) की तिथि निर्धारित की जाती है। उक्त पुनर्परीक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी आयोग के वेबसाईट पर शीघ्र प्रकाशित की जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना